आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 05.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- विकसित भारत के विजन को लेकर आईआईटी रुड़की और फॉक्सहॉग वेंचर्स के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- कैलाश मानसरोवर यात्रा का चौथा जत्था चम्पावत जिले के टनकपुर से अगले पड़ाव के लिए रवाना।
- चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आईटीबीपी और सेना के अधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित भूमि प्रकरणों का समाधान करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी, कई जिलों में स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित।

समझौता ज्ञापन

आईआईटी रुड़की ने फ़ॉक्सहॉग वेंचर्स इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग सतत नवाचार, ग्रामीण विकास, लैंगिक समानता और प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगा। समझौते के तहत फ़ॉक्सहॉग ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत आईआईटी रुड़की के सेंटर फॉर प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग के साथ एकीकृत उन्नत विनिर्माण सेटअप स्थापित करने के लिए 17 करोड़ रुपये देने की प्रतिबद्धता जताई है। यह एक अत्याधुनिक सुविधा है जो एयरोस्पेस, रक्षा और कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उन्नत तकनीकों पर केंद्रित है। चयनित स्टार्टअप फॉक्सहॉग वेंचर्स के सीईओ फंड से 25 लाख रुपये पूरक वित्तपोषण प्राप्त करने के पात्र होंगे। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर के.के. पंत ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन ग्रामीण नवाचार को बढ़ावा देगा और सटीक तकनीकों, स्मार्ट विनिर्माण और समावेशी आर्थिक मॉडलों के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाएगा। फॉक्सहॉग वेंचर्स के सीईओ तरुण पोद्दार ने कहा आईआईटी रुड़की के साथ हमारा सहयोग तकनीक को सक्षम बनाने का एक संकल्प है।

कैलाश मानसरोवर यात्रा

कैलाश मानसरोवर यात्रा के 48 सदस्यीय चौथे जत्थे को आज चम्पावत जिले के टनकपुर से अगले पड़ाव के लिए रवाना किया गया। इस जत्थे में 15 राज्यों के 34 पुरुष और 14 महिला यात्री शामिल हैं। इससे पहले कल देर शाम टनकपुर पहुँचने पर कुमाऊँ मंडल विकास निगम, स्थानीय लोगों और पर्यावरण संरक्षण समिति की टीम ने जत्थे में शामिल लोगों का पारम्परिक रीति–रिवाज से स्वागत किया गया। वहीं, यात्रा पर जा रही तन्वी पटेल और संतोष शुक्ला ने कहा कि सरकार की ओर से यात्रियों को समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

करदाता केंद्र

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह कल देहरादून में करदाता केंद्र का उद्घघाटन करेंगे। यह केंद्र लोगों को महत्वपूर्ण कर–संबंधी जानकारी और अपडेट करने का काम करेगा, जिससे उन्हें अपनी कर संबंधी जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक रहने में मदद मिलेगी। इस केन्द्र पर लोग कर संबंधी चिंताओं या मुद्दों का समाधान करने की जानकारी हासिल कर सकते हैं। इसका उद्देश्य कर साक्षरता को बढ़ावा देना और कर योजना और अनुपालन पर मूल्यवान मार्गदर्शन करना है। करदाता केंद्रों में सूचनात्मक ब्रोशर की भौतिक प्रतियों के साथ ब्रोशर स्टैंड की व्यवस्था की गई है, ताकि केंद्र में आने वाले करदाताओं को शिक्षित और प्रबुद्ध करने के प्राथमिक उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके।

एशियाई विकास बैंक

नैनीताल जिले के हल्द्वानी में एशियाई विकास बैंक– एडीबी सहायतित परियोजना के तहत 302 किलोमीटर पेयजल लाइन और 50 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा हो गया है। इसके अलावा छह नलकूपों की बोरिंग की जा चुकी है, जबकि दो जलाशयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उत्तराखण्ड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी के अधिकारियों ने एडीबी परियोजना के अंतर्गत हल्द्वानी में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान कुमाऊं मण्डलायुक्त दीपक रावत को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि पेयजल और सीवर लाइनों को बिछाने के दौरान लगभग 250 किलोमीटर सड़क प्रभावित हुईं थीं, जिसमें से 65 किलोमीटर सड़क का पुनर्निर्माण कार्य और 70 किलोमीटर सड़क मार्ग में सर्फेसिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है।

जिलाधिकारी बैठक

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जोशीमठ के उपजिलाधिकारी आईटीबीपी और सेना के अधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित भूमि प्रकरणों का समाधान करने के निर्देश दिए। इस संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सभी लंबित प्रकरणों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मामलों में आवश्यक कार्रवाई कर निस्तारण करने को कहा। उन्होंने उप जिलाधिकारी को आईटीबीपी और सेना के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण कर मामलों का निस्तारण करने की बात कही। इस दौरान भारतीय सेना के ज्योतिर्मठ–औली सड़क के आशा मोड़ पर लंबित प्रकरण को लेकर भी चर्चा की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने सेना या आईटीबीपी को कार्यदायी संस्था के रूप में कार्य कर रख–रखाव के लिए नगर पालिका को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि सीमा क्षेत्र में नीति, सुमना, लपथल अग्रिम क्षेत्र की भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही गतिमान है। साथ ही सीमा क्षेत्र के पर्यटक स्थल देवताल, सुना और बड़ाहोती में प्रतीक्षालय निर्माण के लिए भूमि चिन्हीकरण किया जा रहा है। बैठक में बताया कि सीमांत नीति गांव में पारंपरिक हॉल निर्माण के लिए भी भूमि चयन की प्रक्रिया गतिमान है।

मौसम

प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है। पर्वतीय क्षेत्रों में जहां बारिश और भूस्खलन से सड़क मार्ग बाधित हो रहे हैं, वहीं मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर जल भराव हुआ है। राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसे देखते हुए शासन–प्रशासन स्तर पर सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया कि आज नैनीताल, चम्पावत, ऊधमसिंह नगर, बागेश्वर, पौड़ी, टिहरी और देहरादून जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, जबकि राज्य के शेष सभी जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम की चेतावनी के मद्देजनर आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने त्वरित प्रक्रिया दलों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने और जलभराव, बाढ़ या किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं, भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए चंपावत, बागेश्वर, देहरादून, पौड़ी, पिथौरागढ़ और नैनीताल जिले के स्कूलों और आगनबाड़ी केंद्रों में आज अवकाश घोषित किया गया।

औचक निरीक्षण

रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों और चिकित्सकों से बातचीत की तथा अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिले में संचालित ऐसे निजी अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जहां सर्जरी की जाती है। उन्होंने इन अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने अस्पताल में दवाइयों के भंडारण की स्थिति, एक्सपायर्ड दवाओं के निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने ऑक्सीजन सिलेंडरों की उपलब्धता, रिफ्यूलिंग व्यवस्था और मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने ऑपरेशन थिएटर में बेड की स्थिति, वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम और डिस्पोजल प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पैथोलॉजी विभाग में जांच–परीक्षण की व्यवस्था देखी और वहां मौजूद मरीजों से उनकी समस्याओं व सुझावों के संबंध में बातचीत की।